>

**Title: Need to release funds for rural electrification under Rajiv Gandhi Gramin Vidyutikaran Scheme in Deoria, Ballia & Kushinagar districts in Uttar Pradesh.**

**श्री हरिकेवल प्रसाद (सलेमपुर) :** महोदय, राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के देवरिया, बलिया और कुशीनगर जनपदों में भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय द्वारा दूसरी किस्त का प्राक्कलित धन निर्गत नहीं किये जाने के कारण इन जनपदों में विद्युतीकरण का कार्य ठप्प पड़ा हुआ है। उत्तर प्रदेश के सर्वाधिक पिछड़े एवं बाढ़ प्रभावित इन जिलों में प्राथमिकता के आधार पर गैर-विद्युतीकृत गांवों का विद्युतीकरण करने का शासन ने लक्ष्य निर्धारित किया था। इसके अंतर्गत देवरिया जिले में 237 और बलिया जिले में 455 गांवों का प्रथम चक्र में विद्युतीकरण हुआ जो आधा-अधूरा रह गया। दूसरे चक्र में देवरिया जिले में 54,00 पुरवों तथा बलिया जिले में 13,00 पुरवों का विद्युतीकरण मार्च, 2007 तक पूरा हो जाना था लेकिन केन्द्र द्वारा पैसा नहीं भेजे जाने के कारण काम लगभग दो वर्षों से रुका पड़ा है। इस संबंध में मेरे द्वारा पूछे गये एक प्रश्न के उत्तर में गत् 15 दिसम्बर को माननीय ऊर्जा मंत्री ने बताया था कि पिछड़े जिलों के विद्युतीकरण का कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जायेगा जिसके लिए अलग से धन की व्यवस्था की जायेगी। मैंने कई बार पत्र लिखकर तथा स्वयं माननीय मंत्री जी से मिलकर धन निर्गत कराने का अनुरोध किया, परन्तु खेद है कि अभी तक कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया।

मैं माननीय ऊर्जा मंत्री से अनुरोध करता हूं कि जनहित की इस महत्वपूर्ण परियोजना को उपरोक्त पिछड़े जिलों में पूरा करने हेतु दूसरी किस्त का धन तत्काल निर्गत करावें।